6789 प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हुए है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में कुल 5115 आवास स्वीकृत हुए है। इसमें से 4978 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष 337 आवास प्रगतिरत है। इनमें से हितग्राहियो को उनके मांग के अनुसार लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 1397 सर्वे फार्म अभी तक आये है जिनमे से 159 आवेदनो का आनलाईन एन्ट्री किया जा चुका है। ऐसे सभी हितग्राहियो को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती भेजी जा रही है। विष्णु की पाती शीर्शक से एक पत्र विष्णु देव साय का हस्ताक्षर है। जिसमें उन्होने अपने संदेश में कहा है कि पक्का आवास लोगो का एक सपना होता है। यह खुशी है प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से मदद मिली, हितग्राही के परिवार को। उक्त मकान को केन्द्र रखकर कल की बुनियाद गढ़े, यह भी वादा किया गया है कि ऐसे अनेक जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रदेश की जनता को मिलती रहेगी। हर परिवार की खुशहाली प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा। मोदी सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना आज देश भर में करोड़ो लोगो के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिसका उददेश्य समाज के अंतिम व्यक्ति, जिनका पक्का मकान बनाना सपना होता है। ऐसे व्यक्ति के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना घर–घर पहुंचाने का प्रदेश सरकार का सपना है। नगम भिलाई क्षेत्र में दिसम्बर 2024 तक 6789 मकान निर्माण करके आबंटित किया गया है। इसमें से स्वयं के पटटे या आबंटित भूखण्ड पर बीएलसी 4978 एवं 1846 ए.एच.पी. किरायेदार अपने मकानो में निवास कर रहे है। ऐसे सभी हितग्राही जो खुशहाली पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे है उन्हे पत्र भेजा जा रहा है।